(25)

# अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति

## Definition nature and scope

- अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का एक स्वतंत्र विषय के रूप में अध्ययन करने के लिए सर्वप्रथम सन 1919 में अलग से प्रोफेसर के पद की स्थापना वेल्स विश्वविद्यालय में की गयी थी।
- पहले पहल इस पद पर एल्फर्ड जिमर्न और चार्ल्स वेबस्टर नियुक्त हुए।
- ये दोनों उस समय के ख्यातिप्राप्त इतिहासकार थे।
- द्वितिय विश्वयुद्ध के प्रारंभ तक अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन के तीन मुख्य मोड़ रहे हैं, पहला - राजनयिक इतिहास, दूसरा, अन्तर्राष्ट्रीय कानून और संगठन, और तीसरा राजनीतिक सुधारवाद
- मैकियावेली शासक वर्ग के हितों का संरक्षण करना चाहता था
- रूसो और कान्ट दोनों ही हिंसा के अराजक रूप को बदलकर उसे संगठित रूप देकर नियंत्रित करना चाहते थे। और लेनिन वर्ग संघर्ष को प्रोत्साहित करना चाहता था ताकि साम्यवाद का अन्तिम लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।
- प्रत्येक समूह अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए कुछ खास कार्य करता है और कुछ खास नीतियों का अनुसरण करता है।
- क्विन्सी राइट - राजनीति को एक ऐसी कला मानता है जिसके द्वारा प्रत्येक समूह दूसरे समूहों पर किसी न किसी तरह नियंत्रण रखकर अपने हितों को निरन्तर आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहता है।
- मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न राष्ट्रों के बीच की राजनीति ही अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति है।

- राष्ट्रहित अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का लक्ष्य है, विवाद उसकी प्रकृति और शक्ति उसका साधन।
- अन्तर्राष्ट्रीय विवाद का मूल स्रोत है, राष्ट्रों के हितों का परस्पर विरोधी होना। प्रत्येक राष्ट्र दूसरे राष्ट्रों के आचरण पर अधिक से अधिक नियंत्रण रखकर राष्ट्रहित की रक्षा करने का प्रयत्न करता है।


Pol-sc (Hons) — Rama kant pandey
Part-II — S.R.A.P. College
Paper-II — Bara chakiya